नि० ख०लो०नि०वि० नैनीताल

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग
# नैनीताल।

UTTARAKHAND

Email: eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांकः– 1483/15mg                                                  दिनांकः– 05/07/2025

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

विषयः– जनपद नैनीताल में मा० मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क संयोजन योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड बेतालघाट में थापली से रहेली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.187 हैं० वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन किये जाने के संबंध में (Online no. FP/UK/ROAD/42765/2019)

सन्दर्भः– भारत सरकार के पत्रांक 8बी0/यू0सी0पी0/06/55/2021/एफ0सी0 दिनांक 20.02.2025

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराया जाना है कि विषयक मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में निम्नलिखित बिन्दुओं पर सूचना चाही गयी है जो निम्न प्रकार प्रेषित की जा रही है:–

| क्र0सं0 | चाही गयी सूचना का विवरण | प्रतिउत्तर |
|---|---|---|
| 1 | As per DSS analysis, the proposed diversion area comes to 1.05 ha instead of 2.187 ha. Clarification in this regard shall be submitted. | मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित 2.187 है0 वन भूमि हस्तान्तरण के अनुसार के0एम0एल0 फाईल संशोधित कर ऑन लाईन अपलोड कर दी गयी है। |
| 2 | In reply to point no. 4 (regarding proposed road crossing the CA area), the CA has not been revised. Stae Forest Depaertment shall submit/ upload the details of revised CA. | इस बिन्दु के क्रम में अवगत कराया जाना है कि खसरा सं0 984 में कुल 20.264 हैं0 भूमि मौके स्थल पर है जिसके सापेक्ष 4.374 हैं0 भूमि क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित है। इस क्षेत्र के अन्तर्गत जितने हिस्से से मोटर मार्ग गुजर रहा है उस क्षेत्र के बदले अतिरिक्त भूमि पर वृक्षारोपण किये जाने हेतु स्थल पर पिलरों द्वारा चिन्हित कर भूमि उपलब्ध करा दी गयी है। इस सम्बन्ध में दिनांक 31.05.2024 को हुए स्थल निरीक्षण के दौरान अवगत कराया जा चुका है। |

अतः उपरोक्तानुसार आख्या इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया अपने स्तर से स्पष्ट आख्या भारत सरकार को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि वन भूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति प्राप्त कर जनहित में मोटर मार्ग के निर्माण संबंधित कार्यवाही प्रारम्भ की जा सके।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल

पत्रांकः–          /                                   दिनांकः–

प्रतिलिपिः–

1. सहायक अभियन्ता–चतुर्थ, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल को उपरोक्तानुसार इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय, अल्मोड़ा में व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क स्थापित कर उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल



Scanned by CamScanner